DAY — **12** SEAT NUMBER

| 2025 | VII | 08 | 1100 | J-432 | (H) |
|---|---|---|---|---|---|

# GEOGRAPHY (39)

Time : 3 Hrs. (8 Pages) Max. Marks : 80

**सूचना :** *(१) सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।*
*(२) प्रश्नों के उत्तर लिखते समय, आवश्यकतानुसार सुस्पष्ट आकृति / आलेख बनाइए।*
*(३) रंगीन पेंसिल के उपयोग करने की अनुमति है।*
*(४) मानचित्र स्टेंसिल के उपयोग करने की अनुमति है।*
*(५) दाहिने ओर लिखे अंक पूर्णांक दर्शाते हैं।*
*(६) मानचित्र की पूरक पुस्तिका को मूल उत्तर पुस्तिका से जुड़ा होना चाहिए।*

**प्र. १.** दिए गए सुझावों के अनुसार निम्नलिखित उप-प्रश्नों को हल कीजिए : [ २० ]

**( अ )** स्तंभ 'अ' 'ब' और 'क' स्तंभों में सहसंबंध पहचानकर श्रृंखला पूर्ण कीजिए : (५)

| क्रमांक | 'अ' | 'ब' | 'क' |
|---|---|---|---|
| (१) | बर्फाच्छादित प्रदेश | (अ) देश की राजधानी | (य) नुकसानकारक कृषि प्रकार |
| (२) | प्रशासकीय शहर | (ब) मानवनिर्मित उपग्रह | (र) बिखरी जनसंख्या |
| (३) | स्थानांतरित कृषि | (क) मानव श्रम का उपयोग | (ल) संदेश वहन |
| (४) | गृह उद्योग | (ड) ध्रुवीय प्रदेश | (व) बुनकर |
| (५) | वैश्विक स्थान निश्चिति प्रणाली (GPS) | (इ) कृषि का आकार बहुत छोटा | (श) टोकियो |

**( ब )** दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर विधानों को पूर्ण कीजिए व लिखिए। (५)

(१) जनसंख्या बदलाव में महत्त्वपूर्ण घटक –

(अ) साक्षरता (ब) लिंग गुणोत्तर
(क) जन्मदर (ड) आयु रचना

(२) ग्रामीण भूमि उपयोग –

(अ) औद्योगिक (ब) व्यापार
(क) मनोरंजन (ड) वन / जंगल

(३) विस्तृत व्यापारी कृषि की विशेषताएँ –

(अ) एक फसल पद्धति, सिंचाई का उपयोग, उष्णकटिबंध, अनाज फसल
(ब) एक फसल पद्धति, यंत्रों का उपयोग, समशीतोष्ण, अनाज फसलें
(क) एक फसल पद्धति, मानव श्रम का उपयोग, भूमध्यरेखीय प्रदेश, बागान (बागायती) कृषि
(ड) एक फसल पद्धति, शास्त्रीय ज्ञान का उपयोग, उपोष्ण (Sub-tropical) कटिबंध, दालों का उत्पादन

(४) खनिजों पर आधारित उद्योग –

(अ) लोह–इस्पात उद्योग (ब) कपड़ा उद्योग
(क) शक्कर उद्योग (ड) अनाज प्रक्रिया उद्योग

(५) तृतीयक व्यवसाय –

(अ) कृषि (ब) वस्तु यातायात / परिवहन
(क) मधु–निर्माण (ड) पेट्रोकेमिकल्स उद्योग

**( क )** सही या गलत पहचानिए : (५)

(१) जनसंख्या के प्रमाण में कार्यशील समूह का प्रमाण ज्यादा होने पर आर्थिक विकास की संभावना अधिक होती है।

(२) तृतीयक व्यवसाय एक अनुत्पादक व्यवसाय है।

(३) अफ्रीका के कालाहारी मरुस्थल प्रदेश में 'एस्किमो' जनजाति के लोग पाए जाते हैं।

(४) साक्षरता की परिभाषा देश के अनुसार बदलती है।

(५) मानव बस्ती के स्थान पर प्राकृतिक घटकों का प्रभाव नहीं पड़ता है।

**(ड)** विधानों को दी गई सूचना के अनुसार पूर्ण कीजिए : (५)

(१) A: विधान R : कारण

A: जनसंख्या पिरामिड का चौड़ा पाया बालकों की संख्या अधिक दर्शाता है।

R : जनसंख्या पिरामिड का चौड़ा शीर्ष वृद्धों की संख्या अधिक होने का सूचक है।

(अ) केवल A सही है।

(ब) केवल R सही है।

(क) A और R दोनों सही हैं और R यह A का सही स्पष्टीकरण है।

(ड) A और R दोनों सही हैं परंतु R यह A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(२) गलत घटक पहचानिए –

(अ) मैदान (ब) झीलें

(क) पठार (ड) पर्वत

(३) निम्न नगरी बस्तियों का जनसंख्या के अनुसार चढ़ता क्रम लगाइए –

(अ) महानगर (ब) उपनगर

(क) नगर (ड) महाकायनगर

(४) सही समूह को पहचानिए –

(अ) (i) समाजशास्त्र
(ii) राज्यशास्त्र
(iii) अर्थशास्त्र
(iv) जनसंख्याशास्त्र

(ब) (i) सामाजिक भूगोल
(ii) राजनीतिक भूगोल
(iii) आर्थिक भूगोल
(iv) मृदा भूगोल

(क) (i) जलवायुशास्त्र
(ii) जीवशास्त्र
(iii) भूगर्भशास्त्र
(iv) सुदूरसंवेदन

(ड) (i) इतिहास
(ii) भूरूपशास्त्र/भूविज्ञान
(iii) मानसशास्त्र
(iv) जनसंख्याशास्त्र

(५) पूँजी निवेश के आधार पर नीचे दिए गए उद्योगों को चढ़ते क्रम में लगाइए –

(अ) मध्यम उद्योग (ब) लघु उद्योग

(क) बड़े उद्योग (ड) सूक्ष्म उद्योग

**प्र. २. निम्नलिखित विधानों के भौगोलिक कारण लिखिए ( कोई चार ) :** **[ १२ ]**

(१) जलवायु घटक का जनसंख्या के वितरण पर प्रभाव पड़ता है।

(२) जनसंख्या में साक्षरता का प्रमाण देश के आर्थिक और सामाजिक विकास का सूचक है।

(३) भारत के छोटा नागपुर पठार पर खदान काम व्यवसाय का विकास हुआ है।

(४) प्रादेशिक विकास प्राकृतिक रचना पर निर्भर होता है।

(५) भूगोल की व्याप्ति दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।

(६) विस्तारित कृषि यह व्यापारी कृषि का प्रकार है।

**प्र. ३. नीचे दी गई संज्ञाओं में अंतर स्पष्ट कीजिए ( कोई तीन ) :** **[ ९ ]**

(१) भूमध्यसागरीय वनों में लकड़ी कटाई और समशीतोष्ण वनों में लकड़ी कटाई

(२) जनसंख्या संक्रमण सिद्धांत की पहली पायदान और पाँचवीं पायदान

(३) जल परिवहन और हवाई परिवहन

(४) भौतिक प्रदेश और राजनीतिक प्रदेश

(५) प्रकृतिवाद व संभववाद

**प्र. ४. ( अ )** विश्व मानचित्र में निम्नलिखित को उचित सांकेतिक चिन्हों द्वारा दर्शाइए और सूची तैयार कीजिए (कोई छह): (६) **[ ११ ]**

(१) सबसे कम जनसंख्या वाला महाद्वीप

(२) स्थलांतरण का आकर्षण होने वाला भारत का एक शहर – मुंबई

(३) सबसे ज्यादा आयुर्मान होने वाला देश – जापान

(४) प्रशासकीय शहर – मास्को (रशिया)


(५) लंदन – न्यूयॉर्क हवाई मार्ग

(६) सुएज – नहर

(७) दक्षिणी अमेरिका का व्यापारी पशुपालन क्षेत्र – पंपाज

(८) दक्षिणी अफ्रीका का एक औद्योगिक क्षेत्र – किंबर्ले–विटवॉटरसैंड

**( ब )** दिए गए मानचित्र का अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (५)



प्रश्न –

(१) मानचित्र क्या दर्शाता है?

(२) पर्थ और सिडनी औद्योगिक प्रदेश कौन–से महाद्वीप में स्थित हैं?

(३) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के औद्योगिक प्रदेश का नाम लिखिए।

(४) कौन–से महाद्वीप में औद्योगिक विकास कम हुआ है?

(५) ओसाका–कोबे और क्योटो औद्योगिक प्रदेश किस देश में पाए जाते हैं?

**प्र. ५. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए ( कोई तीन ) :** **[ १२ ]**

(१) ग्रामीण भूमि उपयोग

(२) मछलीपालन पर प्रभाव डालने वाले घटक

(३) संचार के साधनों के रूप में कृत्रिम उपग्रहों का महत्त्व

(४) भारत में प्रादेशिक असमतोल : कारण

(५) भूगोल का स्वरूप

**प्र. ६. ( अ )** दिए गए परिच्छेद का अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (४) **[ ८ ]**

आयु संरचना

किसी जनसंख्या की आयु संरचना के तीन बुनियादी निर्धारक हैं। इनमें जन्मदर (प्रजनन क्षमता), मृत्युदर और गतिशीलता शामिल हैं, क्लार्क (१९७२) के अनुसार, आयु संरचना के ये तीन निर्धारक एक दूसरे पर निर्भर हैं और इनमें से किसी एक में कोई भी परिवर्तन अन्य दो को प्रभावित करता है। इन परिवर्तनों के माध्यम से सामाजिक–आर्थिक स्थितियाँ आयु रचना को प्रभावित करती हैं।

यह प्रजनन दर ही है जो विभिन्न आयु वर्गों में जनसंख्या का अनुपात निर्धारित करती है।

इसलिए लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और एशिया के देश, जो उच्च जन्मदर की विशेषता रखते हैं, युवा आयु समूहों में बड़े अनुपात को प्रदर्शित करते हैं। इन महाद्वीपों के अधिकांश देशों में लगभग २/५ जनसंख्या १५ वर्ष से कम आयु की है। २००१ की जनगणना के अनुसार भारत में ३६% जनसंख्या १५ वर्ष से कम आयु की है।

इसके विपरीत, कम प्रजनन दर और लंबी जीवन प्रत्याशा वाले देशों की लगभग एक चौथाई आबादी युवा आयु वर्गों में है। लेकिन इन देशों में वृद्ध आयु वर्ग की जनसंख्या का अनुपात अपेक्षाकृत बड़ा है। उत्तर पश्चिमी यूरोप और उत्तरी अमेरिका के अधिकांश देश, सी.आई.एस. देश, ऑस्ट्रेलिया और जापान इस श्रेणी में आते हैं। प्रजनन क्षमता में निरंतर गिरावट की प्रवृत्ति वृद्धावस्था में जनसंख्या के अनुपात में वृद्धि में योगदान करती है।

प्रश्न :

(१) जनसंख्या आयुरचना के मूलभूत घटक कौन-से हैं?

(२) कौन-से महाद्वीप में युवा आयुरचना की संख्या ज्यादा पाई जाती है?

(३) २००१ की जनगणना के अनुसार भारत में १५ वर्ष के नीचे की आयु की जनसंख्या कितने प्रतिशत है?

(४) वृद्ध आयुसमूह के जनसंख्या प्रमाण में बढ़ोतरी के लिए कौन-से घटक का योगदान मिलता है?

**( ब )** स्वच्छ रेखाचित्र / आकृति बनाकर नाम लिखिए (कोई दो): (४)

(१) जनसंख्या का त्रिकोणाकार प्रारूप

(२) संदेशवहन - इस तृतीयक आर्थिक क्रियाकलाप का वर्गीकरण

(३) प्रादेशिक असमतोल कम करने के लिए मूलभूत सुविधाएँ एवं प्रोत्साहन (Stimulus) योजना

**प्र. ७.　निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए ( कोई एक) :**　**[ ८ ]**

(१) जनसंख्या के वितरण पर प्रभाव डालने वाले मानवीय घटक स्पष्ट कीजिए। उदाहरण दीजिए।

(२) कच्चे माल के स्रोत के अनुसार उद्योगों का वर्गीकरण विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए।

◆◆◆